हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 3 मई 2025

तापमान
अधिकतम 32.8 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


10 ग्रामीण जलघरों को ग्राम पंचायतों को सौंपने ...


11 अव्यवस्थाः मंडियों में भीगा 80,000 एमटी गेहूं, नहीं ...

## खबर संक्षेप

### 11 शोधार्थी पीएचडी डिग्री के पात्र घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने परीक्षकों के बोर्ड तथा शोध समिति की अनुशंसा पर 11 शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि पीएचडी डिग्री के पात्र शोधार्थी सिविल इंजीनियरिंग से विनीत कुमार, मैकेनिकल इंजीनियरिंग से नीरज कुमार, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग से प्रतिभा, लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस से रेखा रानी, लोक प्रशासन से कोमल यादव, सांख्यिकी से राजेश कुमार, फिजिक्स से हरिता कुमारी, मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी से अफसरीन बानो, फिजिकल एजुकेशन से संदीप तथा लॉ विभाग से दीपाली हैं।

### मदविः सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित बैचलर इन पब्लिक हेल्थ साइंसेज के प्रथम सेमेस्टर रेगुलर तथा बैचलर इन साइंस-जूलॉजी चार वर्षीय के प्रथम सेमेस्टर रेगुलर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### दयानंदमठ में मासिक वैदिक सत्संग 4 को

**रोहतक।** मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन 4 मई को सुबह 9 बजे से 12:30 बजे तक पंडित जगदेवसिंह सिद्धान्ती भवन दयानंदमठ रोहतक में होगा। आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा के कार्यालयाधीक्षक सत्यवान आर्य ने बताया कि जिसके मुख्यवक्ता वैदिक विद्वान ओमप्रकाश शास्त्री (पानीपत) होंगे तथा भजनोप देशक सत्यपाल 'मधुर', सत्यनारायण आर्य, हनुमत आर्य (मकड़ौली) आदि भजन प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का संचालन सुभाष सांगवान प्रधान वेदप्रचार मंडल करेंगे। सुबह 9 बजे यज्ञ किया जाएगा।

### नशीली दवाओं के दुरुपयोग से अवगत करवाएंगे

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस तथा डीन, स्टूडेंट वेलफेयर ऑफिस के संयुक्त तत्वाधान 5 मई को वर्ल्ड रेडक्रॉस डे 2025 के उपलक्ष में प्रीवेंटिव एजुकेशन अगेंस्ट ड्रग एब्यूज विषय पर जागरूकता कार्यक्रम तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्वराज सदन में सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा।

### छात्रा को गाय ने पटक पटककर किया घायल

**महम।** शहर में बेसहारा पशुओं का आतंक देखने को मिल रहा है। वीरवार को महम में गोहाना रोड पर आनंद आई अस्पताल के पास एक 12वीं कक्षा की छात्रा को एक बेसहारा गाय ने पटक पटककर मारा। जिस वजह से छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। छात्रा को घायल अवस्था में खेड़ी महम के शिवानंद धर्मार्थ अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टर कृष्ण कुमार लांबा ने बताया कि गाय ने छात्रा को सिंगों पर उठाकर फेंक दिया। जिस वजह से छात्रों को काफी चोटें आई हैं। बेसहारा पशुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए इलाके के लोगों में भय का माहौल पैदा हो गया है।

### चोरी की वारदात में शामिल आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने चोरी की वारदात को हल करते वारदात में शामिल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। प्रभारी थाना अर्बन एस्टेट निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि सेक्टर-3, रोहतक निवासी अंकित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 30 दिसम्बर 2024 को अंकित अपने घर पर मौजूद था।

---

शिवालिक रेंज में रंग होता गहरा, अरावली में वर्ण पाया जाता है मामूली सा हल्का


# तेंदुआ अरावली या शिवालिक की पहाड़ियों से भटककर पहुंचा रोहतक!

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

मारुति प्लांट में वन्य प्राणी विभाग की टीम तेंदुआ को पकड़ने के लिए वीरवार देर रात से ही प्रयास में लगी हुई है। लेकिन शुक्रवार रात तक भी टीम को सफलता नहीं मिली थी। रोहतक में पहली बार हिंसक पशु दिखाई दिया है। ऐसे में अब सवाल है कि ये यहां कहां से आया। यहां दो जगहों से पहुंच सकता है। एक तो अरावली की पहाड़ियों से दूसरे शिवालिक रेंज से। चूंकि शिवालिक की पहाड़ियां रोहतक से 200 किलोमीटर से अधिक दूर हैं। इसलिए वहां से तंदुआ आया होगा, इसकी संभावना कम हैं। लेकिन इसके साथ ही वन्य प्राणी विभाग ये भी कह रहा है कि यमुना नदी के साथ-साथ ये यहां तक पहुंच गया हो। नदी के साथ शिकारी इसलिए आगे बढ़ता रहता है कि उसे शिकार मिल जाता है।

सीसीटीवी में कैद तेंदुआ







### एक साल पहले मिले थे निशान

गत वर्ष खरखौदा सोनीपत में भी तेंदुए के पंजों के निशान मिले थे। लेकिन वह पकड़ा नहीं गया था। कहा ये भी जा रहा है कि तेंदुआ एक साल से इसी क्षेत्र में विचरण कर रहा हो। किसी की नजर न पड़ी हो और अब ये मारुति परिसर तक पहुंच गया। एक साल से यहां रहने की उम्मीद भी कम ही है। क्योंकि इस दौरान खरखौदा क्षेत्र में किसी हिंसक जंगली पशु द्वारा दूसरे पशु के शिकार का मामला प्रकाश में नहीं आया। एक थ्योरी ये भी है कि कोई ट्रक वगैरह शिवालिक पहाड़ी क्षेत्र से इधर आया हो। तेंदुआ उस पर कूद/गिर गया हो और यहां पहुंच गया। क्योंकि तेंदुआ अपना शिकार करने के बाद उसे सुरक्षित रखने के लिए पेड़ पर चढ़ता है। आत्मरक्षा की वजह से भी तेंदुआ अमूमन पेड़ पर ही रहता है।

### दो वर्ष पहले तोशाम में दिखा था

वन्य प्राणी विभाग ये भी कह रहा है कि ये अरावली रेंज की पहाड़ियों से भटक कर रोहतक तक पहुंच गया हो। इसका कारण ये है कि अरावली की पहाड़ियां रोहतक से शिवालिक के पहाड़ों की बजाय कम दूरी पर हैं। गुरुग्राम और फरीदाबाद की पहाड़ियों में तेंदुओं की अच्छी खासी तादाद है। करीब दो साल पहले तोशाम में भी तेंदुआ दिखाई देने का वीडियो वायरल हुआ था। ऐसे में ये भी हो सकता है कि ये अरावली के पहाड़ों से भटकर रोहतक पहुंच गया हो। भारतीय परिवेश में तेंदुए पहाड़ों में ही पाए जाते हैं। क्योंकि पहाड़ों में जंगल होने की वजह से दिन में इन्हें छुपने का माकूल स्थान मिल जाता है। मैदानी एरिया में देश में कहीं भी नहीं पाए जाते हैं।

### पशु रेवड़ के साथ भी पहुंच जाता है

हरियाणा में गेहूं कटाई अब खत्म हो चुकी है। राजस्थान की ओर से चरवाहे अपनी गाय और भेड़ बकारियों को लेकर हरियाणा में आते हैं। कई बार तेंदुआ रेवड़ से एक दो किलोमीटर पीछे चलता रहता है। जो पशु इस दौरान मर जाते हैं, उन्हें यह खा लेता है और आगे बढ़ता रहता है। ये थ्योरी भी वन प्राणी विभाग द्वारा बताई जा रही है।

### पकड़ने बाद मिलेगी सही जानकारी

बेहद हिंसक जंगली पशु आईएमटी रोहतक कैसे पहुंचा, इसकी सही-सही जानकारी तो उसके पकड़ में आने के बाद ही मिलेगी। अगर तेंदुआ शिवालिक की पहाड़ियों से यहां पहुंचा होगा तो उसका रंग गहरा मिलेगा। जबकि अरावली रेंज का तेंदुआ हल्के वर्ण का होता है। वन्य प्राणी विभाग के प्रयास हैं कि किसी भी तरह से उसे जिंदा पकड़ा जाए। साल 2009 में गेहूं कटाई के सीजन में जींद के गांव मांडोखेड़ी में तेंदुआ मिला था। इसको पकड़ने के प्रयास दो दिन तक किए गए। लेकिन जब सर्च टीम के कई लोगों को घायल कर दिया तो वन्य प्राणी विभाग ने इसे मारना पड़ा।

---

▶▶ चीफ इंजीनियर ने मीटिंग लेकर की समीक्षा ▶▶ जहां सप्लाई नहीं वहां भेजे जाएंगे टैंकर

# शहर में और गहराया पेयजल संकट अब एक समय ही मिलेगी सप्लाई

- जन स्वास्थ्य विभाग ने नई प्लानिंग तैयार
- नहर में आ रहा है 1200 क्यूसिक पानी

विजय अहलावत ▶▶| रोहतक

जिले में पेयजल संकट और बढ़ गया है। 20 दिनों से शहर की अधिकतर कॉलोनियों में पेयजल सप्लाई बाधित है। दो समय किसी भी कॉलोनी में सप्लाई नहीं दी जा रही। जेएलएन में करीब 12 सौ क्यूसिक पानी की सप्लाई शुरू हो चुकी है लेकिन आबादी के हिसाब से यह पानी बहुत कम हैं। इन हालात में पेयजल सप्लाई के लिए नई प्लानिंग लागू की गई है। जिसके तहत शहर की कॉलोनियों में केवल एक समय ही पानी की सप्लाई दी जाएगी। जहां सप्लाई नहीं पहुंचेगी वहां जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पानी के टैंकर भेजने की व्यवस्था की जाएगी। शुक्रवार शाम को स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के चीफ इंजीनियर दिनेश कुमार सैनी रोहतक पहुंचे। उन्होंने एसई रोहतक शिव राज सिंह, एक्सईन संदीप कुमार और एसडीओ अनिल रोहिल्ला के साथ मीटिंग की। उन्होंने रोहतक के हालात को समझा और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। इस दौरान पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने पानी की किल्लत को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। हर जगह पानी पहुंचाने के लिए प्रयास करने के लिए कहा गया। इस दौरान पानी की सप्लाई सुचारू करने के लिए प्लानिंग तैयार की गई।

जेएलएनः सतह में बहता पानी





**रोहतक।** जन स्वास्थ्य विभाग के चीफ दिनेश कुमार सैनी अन्य अधिकारियों के साथ मीटिंग करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### पार्षदों के संपर्क में रहेंगे अधिकारी

मीटिंग में इस बात पर मंथन किया गया कि विभाग को 22 वार्डों की समस्या का कैसे पता चला। इसके बाद तय किया गया कि विभाग के अधिकारी 22 वार्डों के पार्षदों के संपर्क में रहेंगे। जिस वार्ड से पार्षद को पानी की समस्या की जानकारी मिलेगी वह अधिकारियों को सूचित कर समस्या का समाधान करवाएंगे। जहां पानी की सप्लाई नहीं जाएगी वहां टैंकर भेजे जाएंगे। इसके लिए व्हाटसएप ग्रुप बनाए जाएंगे। मीटिंग में वार्ड 7 के पार्षद कपिल नागपाल सहित कई पार्षद भी पहुंचे और अपने अपने वार्ड के हालात से अधिकारियों को अवगत करवाया।

### हर बार गर्मी में बिगड़ते हैं हालात

अक्सर गर्मी के मौसम में जल संकट देखने को मिलता है। रोहतक में भी ऐसे ही हालात रहते हैं। अधिकारियों का कहना है कि आमजन को भी संयम रखना होगा। विभाग की पूरी कौशिश रहेगी कि हर कॉलोनी तक पानी पहुंचाया जा सके। इसके लिए टैंकर की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

### जलघर भी भरेंगे पानी भी देंगेः दिनेश कुमार

मीटिंग में चीफ इंजीनियर दिनेश कुमार सैनी ने आश्वस्त किया कि रोहतक में पानी सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। जब तक नहर में जितना पानी आ रहा है, उसकी घर-घर तक सप्लाई की जाएगी। इस पानी की सप्लाई करने के दौरान जलघर में पानी स्टोर किया जाएगा। इसके बाद जरूरत के हिसाब से पानी दिया जाएगा। इस समय केवल एक समय ही सप्लाई रहेगी। जरूरत पड़ी तो कुछ समय के लिए सप्लाई रोककर जलघर भरे जाएंगे। नहर में पानी ज्यादा मिलने पर सप्लाई दो समय की जा सकती है।



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ स्कूल के पास गिरा पेड़।

### तेज आंधी और बारिश से कई जगह गिरे पेड़, बिजली और ट्रैफिक रहा बाधित

**रोहतक।** जिले में वीरवार की रात आई तेज आंधी और बारिश से मौसम सुहावना हो गया। तापमान में गिरावट दर्ज होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। हालांकि आंधी के चलते कई स्थानों पर बिजली के पोल और पेड़ टूट कर गिर गए जिससे कई स्थानों पर सारी रात बिजली गुल रही। कई स्थानों पर शुक्रवार की दोपहर तक बिजली आपूर्ति हुई। सड़कों पर पेड़ों की शाखाएं गिरने से आवागमन भी बाधित रहा। बता दें कि बाबा मस्तनाथ स्कूल के पास पेड़ गिरने से छोटूराम चौक की तरफ जाने वाले वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा। क्योंकि पेड़ टूटकर बीच सड़क पर आ गिरा। ऐसे में स्कूल में आने जाने वाले बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं आसपास के एरिया की बिजली बाधित रहने से भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि बिजली निगम ने अपनी टीम को मौके पर भेजकर समस्या का समाधान भी करवाया है।

पुलिस महानिरीक्षक ने किया रोहतक रेंज का दौरा

### कानून व्यवस्था को दुरुस्त करना हमारी प्राथमिकता



**रोहतक।** नवनियुक्त रोहतक रेंज के पुलिस महानिरीक्षक वाई पूर्ण कुमार ने रोहतक का दौरा किया। पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र बिजारणिया व अन्य पुलिस अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उनके प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। लघु सचिवालय में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थित सभागार में बैठक हुई। इस बैठक में पुलिस महानिरीक्षक ने जिला के पुलिस अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य है कि हर नागरिक को सुरक्षा का अहसास हो। कानून व्यवस्था को दुरुस्त करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने हाल के पहलगाम आतंकी हमले को ध्यान में रखते हुए मुस्लिम समुदाय और मस्जिदों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की भी बात की। पुलिस महानिरीक्षक वाई पूर्ण कुमार ने पिछले तीन वर्षों में जिले में हुए अपराधों की समीक्षा की और पुराने लंबित मामलों को जल्दी निपटाने के निर्देश दिए।

---



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

### पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा का पानी रोकना असंवैधानिकः भूपेंद्र सिंह हुड्डा

- जल बंटवारे के मुद्दे पर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाए बीजेपी सरकार

**रोहतक।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा का पानी रोके जाने पर कहा कि यह असंवैधानिक ही नहीं बल्कि अनैतिक और अमानवीय भी है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार के पास हरियाणा के पानी को रोकने का कोई अधिकार नहीं है। ऐसा करना संघीय ढांचे पर चोट पहुंचाना है। हरियाणा उनसे भीख नहीं मांग रहा बल्कि यह प्रदेश के हिस्से का पानी है, जिसकी मात्रा दोनों प्रदेशों के बीच बाकायदा समझौते के तहत तय हुई थी। वे शुक्रवार को अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जल बंटवारे के मुद्दे पर प्रदेश सरकार को सर्वदलीय बैठक के बाद विधानसभा का विशेष सत्र भी बुलाना चाहिए। हरियाणा को जल संकट से बचाने के लिए पंजाब सरकार पर दबाव बनाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस द्वारा बार-बार सचेत किए जाने के बावजूद सरकार ने जल बंटवारे के मुद्दे पर कभी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा बड़े पदों पर बीबीएमबी में पंजाब के अधिकारी बैठे हैं और हरियाणा सरकार की पैरवी करने वाला कोई नहीं है। इसी का नतीजा अब प्रदेश भुगत रहा है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान प्रदेश को अपने हिस्सा का पूरा पानी मिलता था। उन्होंने कहा प्रदेश और केंद्र दोनों जगह तीसरे टर्म से बीजेपी की सरकार होते हुए भी एसवाईएल पर बीजेपी ने चुप्पी साधे रखी।

### सोशल मीडिया पर टास्क पूरा करना पड़ा भारी, 20 हजार गंवाए

**महम।** सीसर खास गांव के एक युवक को सोशल मीडिया पर टास्क पूरा कर पैसे कमाने का लालच भारी पड़ गया। उसको 20 हजार रुपए गंवाने के बाद पता चला कि उसके साथ साइबर फ्रॉड हो गया है। इस संबंध में युवक ने महम पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में सीसर खास गांव निवासी राजेश पुत्र रामकिशन ने बताया कि वह वह सरकारी नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है।

टेलीग्राम पर उसने एक विज्ञापन देखा, जिसमें उसको पैसे कमाने का लालच दिया गया। उसको बताया गया कि यदि 5 हजार रुपए डालेगा तो उसको वापस 7200 रुपए मिलेंगे। उसने उनके झांसे में आकर 20 हजार रुपए अपने बैंक खाते से उनके खाते में डाल दिए। बाद में पता चला कि उसके साथ साइबर फ्रोड हो गया है। युवक ने पुलिस से उसके पैसे वापस दिलाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

लापरवाही | नगर निगम अपनी संपत्तियों का नहीं कर पा रहा रखरखाव

# साल में निगम को किराया मिलना था 1.70 करोड़, अनदेखी के चलते मिला 86 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एक साल में नगर निगम के खाते में एक करोड़ 70 लाख रुपये किराया आना था, लेकिन 86 लाख रुपये ही आ सके है। यह सब अधिकारियों की अनदेखी के चलते हुआ है। क्योंकि शहीद भगत सिंह वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स को किराए पर देने का मामला भी सिरे नहीं चढ़ सका और सिविल अस्पताल के सामने बनी निगम की खाली पड़ी दुकान किराये या लीज पर देने से पहले कंडम हो चुकी हैं।

नगर निगम ने 2011 में पार्क की जगह सात करोड़ रुपये की लागत से शहीद भगत सिंह कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स एवं पार्किंग स्थल की नींव रखी थी। 2015 में बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई, लेकिन दो साल बाद 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इसका उद्घाटन किया। निगम ने पार्किंग को 2019 में ठेके पर देने का प्रयास किया। प्रति माह 58 हजार रुपये मासिक किराया तय किया गया, लेकिन व्यापारियों ने अपने वाहन 10 रुपये पार्किंग फीस के बावजूद खड़े नहीं किए। इसके चलते पार्किंग एक माह भी नहीं चल सकी। इसके बाद तीन बार निगम ने पार्किंग ठेके पर देने के लिए बोली आयोजित की, लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी।






**रोहतक।** गोहाना अड्डा पर स्थित भगत सिंह काम्प्लेक्स। पालिका बाजार के सामने सिविल अस्पताल की तरफ नगर निगम की बंद पड़ी दुकाने। फोटो: हरिभूमि

### बोली में नहीं आए दुकानदार और व्यापारी

निगम ने यह कांप्लेक्स व दुकाने बोली पर देने का प्रयास किया, लेकिन कोई दुकानदार या व्यापारी सामने नहीं आया। मामला अभी संज्ञान में नहीं है। संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में पूछा जाएगा, ताकि नए वित्त वर्ष में शहीद भगत सिंह कॉम्प्लेक्स व दुकानों को किराया या लीज पर देकर आय बढ़ाई जा सके।
**-धर्मेंद्र सिंह**, आयुक्त नगर निगम

### सदन में अधिकारी नहीं दे पाए थे जवाब

9 अप्रैल को सदन की बैठक में कांग्रेस विधायक भारत भूषण बतरा व निगम पार्षदों ने सवाल उठाए कि अधिकारी एक तरफ घाटे का बजट पेश कर रहे हैं, दूसरी तरफ यह बताएं कि आय बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाएंगे। पार्षद डिंपल जैन, कपिल नागपाल, कंचन खुराना व अनीता मिगलानी ने निगम के अधिकारियों से सवाल किया कि निगम की बिल्डिंग दशकों से खाली पड़ी है, लेकिन उनको न तो बेचा जा रहा है और न ही लीज या किराये पर दिया जा रहा है। निगम के अधिकारी इन बातों पर भी संतोष जनक जवाब नहीं दे सके थे।

### दुकानों के शटर तक जर्जर हुए

पालिका बाजार के सामने सिविल अस्पताल की तरफ नगर निगम की 2014 से 2019 के बीच में सात दुकानें बनाई गई थी। अब तक निगम उक्त दुकानों को न तो बेच सका है और न ही लीज या किराये पर दे सका है। दुकानों की हालत अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। कई दुकानों के शटर तक जर्जर हो गए हैं।

## खबर संक्षेप



महम। काठमंडी कार्यालय में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा। फोटो : हरिभूमि

### सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने सुनी लोगों की समस्याएं

**महम।** राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने शुक्रवार को काठमंडी स्थित कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनी। निंदाना गांव से काफी संख्या में ग्रामीण उनसे मिलने के लिए पहुंचे। उन्होंने गांव की चकबंदी के सिलसिले में कई देर तक बातचीत की और इस कार्य में आ रही समस्याओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। जांगड़ा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर भाजपा नेता महंत सतीश दास, अजीत अहलावत, पूर्व रोडवेज जीएम कुलदीप अहलावत और उनके निजी सचिव महेश भारद्वाज समेत कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### डॉ. माधुरी हुड्डा को बनाया विभागाध्यक्ष



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने शिक्षा विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. माधुरी हुड्डा को शिक्षा विभाग का अध्यक्ष मनोनीत किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि बतौर विभागाध्यक्ष डॉ. माधुरी हुड्डा की नियुक्ति 6 मई 2025 से तीन वर्ष के लिए की गई है। डॉ. माधुरी हुड्डा ने इस दायित्व के लिए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह का आभार जताया। डॉ. माधुरी हुड्डा ने कहा कि वे शिक्षा विभाग में गुणवत्तापरक शिक्षा, शोध और अन्य गतिविधियों को और सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगी। शिक्षा विभाग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रयासरत रहेंगी।

# हनुमान जी सिर्फ राम नाम के रसिया हैं: साध्वी मानेश्वरी देवी

- संकट मोचन मंदिर में 7 दिवसीय धार्मिक और श्रीमद्भागवत कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में चल रहे कार्यक्रम को सम्बोधित करते पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर और भजन गायिका दीदी मीनाक्षी के भजनों पर भक्ति में लीन साध्वी मानेश्वरी देवी व भक्तजन।

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के निर्वाण दिवस पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुक्रवार को समापन हो गया। गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी ने भक्तों को रामायण के प्रसंग सुनाकर भाव-विभोर कर दिया। पूरा पंडाल सीताराम की जय-जयकार, जय श्रीराम और राधे राधे कृष्णा कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा।

साध्वी मानेश्वरी देवी ने हनुमान जी का वर्णन करते हुए कहा कि हनुमानजी को बल, बुद्धि और विद्या का देवता माना गया है। हनुमान जी सिर्फ राम नाम के रसिया हैं। जब तक उनके कान श्रीराम गाथा श्रवण न कर लें उन्हें चैन नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि मंगलवार का दिन बजरंगबली को समर्पित होता है। इस दिन इनकी पूजा अर्चना करने से सभी मनोरथ सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि अतुलित बलधामम, हेम शैलाभदेहम यूं हीं नहीं हनुमान जी को कहा गया है। ये स्वयंभू हैं, जिनका वर्णन पुराणों में भी है। त्रेतायुग में भगवान राम के आदेश पर भगवान हनुमान कलियुग में विद्यमान हैं और आज भी उनका गुणगान हो रहा है।

**भक्त भजनों पर राधा-कृष्ण के रंग में रंग गए :** कार्यक्रम में भजन गायिका दीदी मीनाक्षी ने अपनी सुरीली व रसभरी वाणी से भजनों की प्रस्तुति दी। जिसे सुनकर भक्त भावविभोर हो गए। उन्होंने कृष्ण-राधा के भजन मै वृंदावन जाऊंगी, सभी को वापस न लाऊंगी, जी मैं नचना श्याम दे नाल आज मेनू नाच लेन दे, आज ब्रज में होली है रसिया गाकर पंडाल को राधा-कृष्ण के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर उप आचार्य गौकर्ण पीठाधीश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज, महंत कमल पुरी महाराज, महामंलेश्वर कर्ण पुरी महाराज, महामंडलेश्वर विश्वेश्वरानंद महाराज, महाराज पुरुषोत्तम बंसल, महामंलेश्वर कालीदास महाराज, महामंलेश्वर डॉ. परमानंद, महंत सतीश दास, महामंलेश्वर राघवेंद्र भारती, महंत मदन गोपाल, महामंलेश्वर अनुभूतानंद, बाबा सुखा शाह, महंत दिलबाग सिंह, महंत ईश्वर शाह, महंत खुशहाल दास, बाबा हरपाल महाराज, महामंलेश्वर माता आसानंद, दीदी वीना, ब्रह्मऋषि महाराज ने भक्तों को प्रवचन और आशीर्वाद दिया।

### हवन व कन्या पूजन हुआ

इस मौके पर प्रातः हवन, कन्या पूजन हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा नेता मनीष ग्रोवर ने भक्तिभाव से पूजा अर्चना की और ध्वजारोहण किया। पंडित अशोक शर्मा ने आरती की। भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी। भाजपा नेता मनीष ग्रोवर ने कहा कि आज जो सनातन धर्म बचा हुआ है वह भगवाधारी संत महात्मा और सच्चे भक्तों की वजह से बचा हुआ है। उन्होंने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हिंदुओं पर आतंकी हमले पर कहा कि जैसा कि वहां पर आतंकवादियों ने हिंदुओं को छांट छांट कर मौत के घाट उतारा है, इसका बदला हर हाल में लिया जाएगा

# ग्रामीण जलघरों को ग्राम पंचायतों को सौंपने से रोष, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

## जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागीय कर्मचारी यूनियन बोली- जलापूर्ति चरमरा जाएगी

ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बंट कर, गुटबाजी, राजनीतिक दबाव व अन्य कारणों से हर घर तक जल पहुंचाने का सरकार का सपना कभी पूरा नहीं हो सकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी परिमंडल कार्यालय जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागीय कर्मचारी यूनियन ने सभी शाखाओं के कर्मचारी व पदाधिकारीगण भारी संख्या में कार्यालय परिसर में पहुंच रोष प्रदर्शन किया। ग्रामीण जलघरों को ग्राम पंचायतों को सौंपने के विरोध में यह जोरदार रोष प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री के नाम जल्द समाधान के लिए ज्ञापन भी सौंपा गया है। कार्यक्रम की अगुवाई प्रांतीय प्रधान नरेन्द्र धीमान ने की।

कार्यक्रम के अध्यक्ष नरेन्द्र धीमान ने कहा कि ग्रामीण जलापूर्ति सरकार ग्राम पंचायतों के अधीन कर रही है, इस कारण कर्मचारी वर्ग में बहुत अधिक रोष व्याप्त है। संगठन इसका घोर विरोध करता हैं।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में कार्यरत जितने भी अधिकारी व कर्मचारी हैं वे दक्षता के आधार पर अपनी पूर्णनिष्ठा से काम कर रहे हैं। पंचायतों में जलापूर्ति जाने से पूरी ग्रामीण जलापूर्ति चरमरा जाएगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बंट कर, गुटबाजी, राजनीतिक दबाव व अन्य कारणों से हर घर तक जल पहुंचाने का सरकार का सपना कभी पूरा नहीं हो सकता। इसका एक ज्वलंत व बहुत ही पुराना उदाहरण रखते हुए प्रांतीय प्रधान ने कहा कि पूर्व की सरकार में प्राथमिक विद्यालयों को एक बार जिला परिषदों के अधीन किया गया था। जिस कारण सरकारी पाठशालाओं से शिक्षा बिल्कुल दूर हो गयी थी और शिक्षा का स्तर भी गिरने लगा था।

### सरपंच भेदभाव व राजनीति करेंगे

प्रांतीय प्रधान धीमान ने कहा कि सरपंच भेदभाव व राजनीति करेंगे तथा कर्मचारियों का शोषण करेंगे इस प्रणाली से भ्रष्टाचार भी बढ़ेगा। जिसके दुष्प्रभाव आपको जल्द ही दिखाई देने लगेंगे। सरकार जानबुझ कर एक सोची समझी चाल के साथ कर्मचारियों के साथ टकराव की नीति पर काम कर रही है। कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट का राजनीतिक कारणों से खराब करने का अंदेशा भी कर्मचारी नेता ने जताया इसलिए आने वाला समय कर्मचारियों के हित में नहीं है। राज्य प्रधान ने कहा की सरकार शहरी जल-मल आपूर्ति भी नगर निगमों में देकर देख चुकी है जिसके दुष्परिणाम सरकार भूतकाल में देख चुकी है।

### ये रहे मौजूद

रोष प्रदर्शन में प्रांतीय उपप्रधान कृष्ण शर्मा, जिला प्रधान कुलदीप सिंह, राजेंद्र नांदल, प्रदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार नीटू व अन्य कर्मचारी व पदाधिकारी मौजूद रहे।



# जॉन वेस्ले स्कूल में नन्हे किड्स ने मनाया 'येलो-डे'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में पीले रंग की खूबियों और उसके महत्व की जानकारी देने के लिए येलो डे का आयोजन किया गया। इस मौके पर पीले रंग के विभिन्न परिधानों से सजे अध्यापकों के साथ नर्सरी और केजी के स्मार्ट किड्स ने शिरक्कत की। नन्हे बच्चों को इस रंग की बारीकियों व खूबियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही पीले रंग को विभिन्न कार्य में प्रयोग में लाने के गुर भी सिखाए गए।

बच्चों को विभिन्न क्रियाकलापों व ऑब्जेक्टस द्वारा पीले रंग के महत्व के बारे में बताया गया। छात्रों ने पीले रंग पर आधारित कविता गायन किया, वर्कशीट पर बनी आकृतियों (स्माइली, मैंगो, बटरफ्लाई, स्टार्स, बैलून, जिराफ, फल) में पीला रंग भरा। जिससे छात्रों ने जाना कि पीला रंग सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। शुभ कार्य में पीले रंग का अपना ही एक अलग ही महत्व होता है। पीले वस्त्र मन को शांति प्रदान करते हैं और साथ ही एकाग्रता को भी बढ़ाते हैं। विद्यालय प्राचार्या डॉ ममता मलिक ने कहा कि पीला रंग न केवल ऊर्जा और उत्साह का प्रतीक है, बल्कि यह रंग हमारी भावनाओं और विचारों को भी प्रभावित करता है। उन्होंने बच्चों को बताया कि पीले रंग का उपयोग विभिन्न अवसरों पर कैसे किया जाता है और यह रंग हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण है।



### मिस फेयरवेल प्रियंका और मिस्टर फेयरवेल बने पंकज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में आयोजित विदाई समारोह में एमए संस्कृत के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को भावभीनी विदाई दी। समारोह के प्रारंभ में संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. श्रीभगवान ने एमए फाइनल वर्ष के विद्यार्थियों को उनके आगामी जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी तथा जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए मानसिक रूप सशक्त रहने की बात कही। विभाग के अन्य प्राध्यापक प्रो. सुनीता सैनी, प्रो. बलवीर आचार्य, डॉ. सुषमा नारा तथा डॉ. रवि प्रभात ने भी अपने विचार साझा किए एवं सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान मिस फेयरवेल प्रियंका एवं मिस्टर फेयरवेल पंकज को चुना गया। साथ ही कुदरत को मिस ब्यूटीफुल, जोगिंदर मिस्टर हैंडसम तथा पूनम मिस पर्सनेलिटी, हरीश मिस्टर परफेक्ट चुने गए। कार्यक्रम का संचालन किरण और अमन ने किया। सभी विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी तथा कुछ विद्यार्थियों ने स्वरचित कविताओं के माध्यम से अपने भावों की अभिव्यक्ति दी।

# पूर्व विधायक कुंडू ने दिव्यांग किसान को दी ट्राई साइकिल

- भैणी भैरों गांव के दिव्यांग किसान दलबीर सिंह की गेहूं की फसल आगजनी में जल गई थी
- विधायक ने की थी दस हजार रुपये प्रति एकड़े देने की घोषणा



**महम।** दिव्यांग किसान दलबीर सिंह को इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल भेंट करते पूर्व विधायक बलराज कुंडू व साथ मौजूद उनके समर्थक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

पिछले दिनों भैणी भैरों गांव के खेतों में आगजनी से कई किसानों को नुकसान हुआ था। इस घटना में गांव के दिव्यांग किसान दलबीर सिंह की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी। घटना के बाद पूर्व विधायक बलराज कुंडू भैणीभैरों गांव के खेतों में पहुंचे थे और प्रभावित किसानों को अपने निजी कोष से दस हजार रुपए प्रति एकड़ देने की घोषणा की थी। साथ ही दिव्यांग किसान दलबीर सिंह को ट्राई साइकिल भी देने का वायदा किया था। नगर पार्षद बोबी गोयल ने बताया पूर्व विधायक बलराज कुंडू ने अपना वायदा निभा दिया है। शुक्रवार को पूर्व विधायक ने एक इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल दलबीर सिंह को भेंट की। साथ ही दो एकड़ गेहूं की फसल जलने की वजह से उनको 20 हजार रुपए भेंट किए। अन्य किसानों को भी प्रति एकड़ दस हजार रुपए दिए गए। महम स्थित जनसेवक कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुंडू ने कहा कि वह जरूरतमंदों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

# मेडल जीत कर लौटी बेटियों का किया जोरदार स्वागत



- कोमल ने 30 से 35 किलो भार में स्वर्ण पदक जीता है। जबकि प्राची को सिल्वर मेडल हाथ आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

गांव इस्माईला की दोनों बेटियों का गांव में पहुंचने पर लोगों ने नोटों और फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने अभ्यास कराने वाले दीपक धनखड़ और डीपी पूनम दोनों कोचों को भी सम्मानित किया। एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में इस्माईला गांव की बेटी कोमल व प्राची ने भाग लिया था। कोच दीपक धनखड़ ने बताया कि कोमल ने 30 से 35 किलो भार में स्वर्ण पदक जीता है। जबकि प्राची को सिल्वर मेडल हाथ आया। शुक्रवार की दोपहर बाद दोनों बेटियां गांव पहुंची। गांव के मैन अड्डे पर लोगों ने नोटों व फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। दोनों को जुलूस के साथ गांव के अंदर तक ले जाया गया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल भी विजेता बाल खिलाड़ियों को जीत की बधाई देने पहुंचे। उन्होंने अन्य युवाओं को भी शिक्षा ओर खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। नांदल ने सरकार की खिलाड़ियों के लिए लागू की गई कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया। इसके अलावा प्रधान विकास खत्री, मुकेश ब्लॉक समिति चेयरपर्सन टीनू खत्री, ओम प्रकाश, भूपेंद्र खत्री , सुखबीर सिंह आदि मौजूद रहे।



### उल्टी झाड़ू लेकर किया प्रदर्शन डीडीपीओ को ज्ञापन सौंपा

**रोहतक।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर निगम कर्मचारियों ने शुक्रवार को उल्टी झाड़ू लेकर व काले झंडों के साथ प्रदर्शन किया गया। उन्होंने अपनी मांगों को लागू करवाने व 20 मई 2025 को राष्ट्रीय वापी हड़ताल की चेतावनी दी। इस दौरान डीडीपीओ राजपाल चहल को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रधान इकाई रोहतक शंभू टॉक, राकेश चावरिया सचिव, अशोक थौरिया, अनिल पारचा ,राजपाल टॉक, रवि राज आजाद, दरोगा अमित ,पिवाल ,रोहित गिल, सतीश डुलगच, राजू सौदा, भीम चावरिया ,बलबीर दरोगा, पुनीत दरोगा, सुरेंद्र पारचा, दरोगा प्रेम ,सागर दरोगा, जयकरण दरोगा, रूप बसंत ,दरोगा दिलावर, दरोगा रमेश गोखलिया, सतपाल दरोगा, प्रदीप दरोगा, राजकुमार टॉक, राधेश्याम कागडा, सुरेश, पिवाल, राजेश बागड़ी, रविंद्र, योगेश बिड़लन व विक्रम आदि शामिल रहे।

## परियोजना क्रियान्वयन इकाई की बैठक संपन्न

# नामांकन प्रक्रिया की निरंतर निगरानी करें

- कक्षा तत्परता कार्यक्रम के अंतर्गत दक्षता आधारित शिक्षण पर दिया ज़ोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




बीआरसी हॉल में जिला परियोजना क्रियान्वयन इकाई की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने की। बैठक में जिला निपुण समन्वयक रूपांशी हुड्डा ने प्रवेश उत्सव को लेकर विस्तारपूर्वक सभी खंडों का डेटा प्रस्तुत किया।

### डेटा साझा किया

जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक बच्चों का स्कूलों में नामांकन सुनिश्चित किया जाए तथा छात्र संख्या में वृद्धि पर विशेष ध्यान दिया जाए। राज्य प्रतिनिधि तुषार ने सीआरपी स्किल पासबुक भरने की प्रक्रिया पर चर्चा की और सभी स्कूलों से संबंधित महत्वपूर्ण डेटा साझा किया। साथ ही उन्होंने नामांकन प्रक्रिया की निरंतर निगरानी करने की बात कही।

### स्कूलों में विज़िट करें

जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने मेंटर्स को निर्देशित किया कि वे गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए स्कूलों में नियमित व सम्पूर्ण रूप से विज़िट करें। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया कि वे उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों की श्रेष्ठ शिक्षण विधियों को साझा करें ताकि अन्य शिक्षक भी उनसे प्रेरणा ले सकें। इस दौरान सभी खंड शिक्षा अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र के आगामी कार्ययोजना (रोडमैप) को साझा किया। जिला अधिकारियों ने निर्देश दिया कि आगामी बैठक में सभी अधिकारी अपनी एक्शन टेकन रिपोर्ट के साथ उपस्थित हों ताकि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जा सके।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर राज्य प्रतिनिधि तुषार, डिप्टी डीइओ राजबाला सभी खंड शिक्षा अधिकारी, डाइट फैकल्टी, एपीसी तथा मेंटर्स आदि मौजूद रहे।

# लाल डोरा की संपत्तियों के अधिभोगियों को प्रमाण पत्र देने के लिए बैठक में मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



नगर निगम में शुक्रवार को आबादी देह तथा लाल डोरा के अन्तर्गत आने वाली सम्पत्तियो के अधिभोगियो को जल्द से जल्द सम्पत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने की। जिसमें संबंधित वार्ड सदस्य व उनके प्रतिनिधि भी उपस्थित हुए। कहा कि इस कार्य हेतु सहयोग की अपील की गई पूर्व में भी आबादी देह तथा लाल डोरा में आने वाली सभी सम्पत्ति आईडी में दर्ज विवरण मांगे गए थे।

उन्होंने कहा कि संपत्ति के स्वामित्व को सिद्ध करने के लिए दावेदार का शपथ पत्र, जिसमें अबादी देह व लाल डोरा में स्वामित्व व कब्जा का स्पष्ट उल्लेख हो, कोई भी दो दस्तावेज जैसे कि पिछले 10 वर्षो का बिजली बिल, पिछले 10 वर्षो का पानी का बिल, सरकार द्वारा जारी किए गए दस्तावेज जैसे इपीआईसी, ड्राईविग लाइसेंस, पासपोर्ट, जीएसटी पंजीकरण प्रमाण पत्र आदि जिसमें पता शामिल हो। इसके अतिरिक्त पिछले 10 वर्षो के अधिकार का पता लगाने के लिए सम्पत्तिकर की रसीदे व निर्मित संरचना का प्रमाण भी दिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त दावाकर्ता द्वारा प्रदान किए जाने वाले दस्तावेजों में बिक्री विलेख व हस्तांतरण विलेख, हस्तांतरण विलेख, त्याग विलेख, मुक्ति विलेख, जमाबंदी फरद, राजस्व अधिकारी के साथ पंजीकृत अदालत का आदेष, रजिस्ट्री व बिक्री विलेख भी मान्य होगा।

इस दौरान संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, उपनिगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह, कर निरीक्षक अमन कुमार, वार्ड सदस्य कपिल नागपाल, परीक्षित देशवाल, बिजेन्द्र सिंह, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नोरातामल भटनागर व सुमित आदि उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### पटवार एवं कानूनगो एसो. हड़ताल में शामिल होगी

**रोहतक।** 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा शामिल होगी। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के प्रधान के जयबीर चहल ने बताया कि हड़ताल में शामिल होने के बारे में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को अवगत करवा दिया गया है। चहल ने कहा कि सोलह सूत्री मांगों को लेकर सरकारी कर्मचारी काफी लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन सरकार ने आज तक उनकी मांगों को स्वीकार नहीं किया है। जिससे कर्मचारियों में सरकार को लेकर रोष बढ़ रहा है।

### ठगी मे शामिल चौथा आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने 81 हजार रुपये से ज्यादा की ठगी की वारदात मे शामिल रहे चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को पेश अदालत किया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। थाना सदर के निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि गांव भैयापुर लाढौत निवासी नवीन की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि 17 दिसम्बर 2024 को नवीन के पास कॉल आया कि ऑनलाईन टास्क पूरा करने के बदले उसे रुपये दिये जायेगे। जिसके बाद उन्होने नवीन को टेलीग्राम ग्रुप मे जोड दिया। नवीन के एक टास्क पूरा करने पर उन्होने नवीन को 400 रुपये पेय किये। जिसके बाद उन्होने

### अलसुबह महम में 41, रोहतक और लाखनमाजरा में 5-5 एमएम बरसात

# अव्यवस्थाः मंडियों में भीगा 80,000 एमटी गेहूं, नहीं हुई थी लिफ्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कलानौर में 71, महम में 41, रोहतक और लाखनमाजरा में 5-5 तथा सांपला खंड में 9 एमएम बरसात वीरवार अलह सुबह हुई। जिससे मंडियों में सरकार द्वारा उठान का इंतजार कर रहा है 80-81 हजार मीट्रिक टन गेहूं भीग गया है। इसके अलावा किसानों का भी 25-30 मीट्रिक टन गेहूं भीगने का अंदेशा है। इसकी अभी तक खरीद नहीं हुई थी और ये भी खुले में ही था। गेहूं की कटाई का सीजन शुरू होने के बाद जितनी बार भी अभी तक बरसात हुई, उतने दफे ही मंडियों में गेहूं भीगा। क्योंकि फसल को बारिश से बचाने के लिए इंतजाम सरकार के पास है नहीं। इधर सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि अब तक जिला की मंडियों में 285442.40 मीट्रिक टन गेहं खरीदा जा चुका है। इसमें कलानौर मंडी से एफसीआई ने 9730 व हरियाणा राज्य वेयरहाऊस कोरपोरेशन ने 21500 , किलोई मंडी से 26636.30 , लाखनमाजरा मंडी में 26002.90 , मदीना मंडी में 14015.70 , महम मंडी 50784.10 , रोहतक मंडी में 79027.20 , सांपला मंडी में 39472 व सांघी मंडी से 18274.20 मीट्रिक टन खरीदा गया।

रोहतक मंडी में भीगे गेहूं





## महम में भी हजारों क्विंटल गेहूं बारिश में भीगा

- गेहूं की बोरियों के नीचे डेढ से दो फिट पर खड़ा हुआ पानी
- आढ़तियों ने नुकसान की जिम्मेदार सरकार व प्रशासन को बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम







**महम।** बारिश में भीगी अनाज मंडी में खुले में रखी गेहूं की बोरिया और भीगे गेहूं को दिखाते आढ़ती।

शुक्रवार सुबह महम कस्बे में तेज बारिश हुई। जिसकी वजह से महम के सरकारी संस्थानों में आने जाने के रास्ते बंद हो गए। वहीं तेज बारिश के कारण महम अनाजमंडी में पड़ा हजारों क्विंटल गेहूं भीग गया। आढ़तियों ने बताया कि उनको बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है और इस नुकसान की जिम्मेदार सरकार व प्रसाशन है। आढ़तियों ने बताया कि बारिश के कारण अनाजमंडी में गेहूं की बोरियों व ढेरियों के नीचे डेढ़ से दो फिट तक पानी खड़ा हो गया। आढ़तियों ने कहा कि नेता, मंत्री और अधिकारी केवल खानापूर्ति करने के लिए अनाजमंडी का दौरा करते हैं। सुविधा के नाम पर उनके पास कुछ नहीं होता। आढ़तियों ने बताया कि सप्ताह में मुश्किल से एक गाड़ी मिलती है। 20 दिन से बिडिंग हो रखी है लेकिन उठान नहीं हो रहा। उनका कहना है कि ट्रक यूनियन से गाड़ियां नहीं मिल रही हैं। ट्रक यूनियन वाले कई कई मंडियों का ठेका ले लेते हैं और बाहर की गाड़ियों को चलने नहीं देते हैं। गेहूं के समय ट्रक यूनियन की बजाय ओपन किया जाए । कोई कहीं से गाड़ी भर सकता है। लेकिन ट्रक यूनियन की धक्काशाही और सरकार व प्रसाशन की लापरवाही के कारण आज अनाज मंडी में पड़ा हजारों क्विंटल गेहूं भीग गया। जिससे आढ़तियों को बहुत अधिक नुकसान हुआ है।आढ़तियों की कहीं सुनवाई नहीं होती। वहीं मजदूरों का कहना है कि उनके सामने भूखा मरने की नौबत आ खड़ी हुई है।

### शिक्षा विभाग की सख्ती

## हसनगढ़ में स्कूल किया सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

शिक्षा विभाग ने गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों पर शिकंजा कसने के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में कस्बे के हसनगढ़ गांव में शिक्षा विभाग ने पुलिस की मदद से एक गैर मान्यता प्राप्त स्कूल को सील कर दिया। बस स्टैंड के पास स्थित एक एकेडमी में नर्सरी से 12वीं तक की कक्षाएं चल रही थी। शिक्षा विभाग की क्लस्टर हेड सुदेश के अनुसार पिछले एक महीने में स्कूल संचालक को दो बार नोटिस दिया गया था, लेकिन वह स्कूल बंद करने को तैयार नहीं था। जब भी विभाग की टीम स्कूल जाती, संचालक स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार करता और उन्हें बाहर जाने को कहता था। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह 11 बजे बाद क्लस्टर हेड अपनी टीम पुलिस बल के साथ स्कूल पहुंची। आधे घंटे तक स्कूल संचालक से बातचीत की गई। इसके बाद स्कूल को सील कर दिया गया। यहां छोटे बच्चों से लेकर 12 वीं तक की क्लास लगाई जा रहा थी। क्लस्टर हेड ने बताया कि उन्होंने मामले में खंड शिक्षा अधिकारी को सूचित किया था। दो बार लिखित रूप से पुलिस सहायता की मांग की गई थी। आज पुलिस की मौजूदगी में उच्चाधिकारियों के निर्देश पर स्कूल सील किया गया है।

### नोटिस देकर कार्रवाई



सांपला ब्लॉक के गांव हसनगढ़ की क्लस्टर हेड सुदेश ने बताया कि पिछले एक महीने से स्कूल बंद करने के लिए दो बार स्कूल संचालक को नोटिस दे चुके हैं। संचालक स्कूल को बंद नही कर रहे थे। इसके बाद पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई की गई।

### ठगी के बाद जोमैटों में काम कर रहा आरोपी काबू

**रोहतक।** जिला पुलिस की टीम ने एटीएम क्लोन तैयार करके धोखाधड़ी के तीन मामलों में 5 साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि आरोपी वारदात के बाद जोमैटो में काम कर रहा था। थाना कलानौर निरीक्षक सतपाल सिंह ने बताया कि 3 मार्च 2020 को राजबीर निवासी गांव गुढाण की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि राजबीर को 10 हजार की दो व 6 हजार की एक ट्रांजेक्शन का संदेश प्राप्त हुआ। मामले की जांच के बाद पांच साल से फरार चल रहे आरोपी प्रवीननिवासी गांव गगन खेड़ी हांसी हाल किरायेदार हिसार को लुधियाना पंजाब से गिरफ्तार किया गया है।

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए लगाई जा रही योग कक्षाएं

**रोहतक।** विद्यार्थियों में परीक्षा के तनाव को दूर करने और उनके मानसिक स्वास्थ्य को तंदुरुस्त बनाने के उद्देश्य से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, छात्र कल्याण कार्यालय के तत्वाधान योग कक्षाएं टैगोर सभागार में आयोजित की जा रही हैं। डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा ने बताया कि मई में आयोजित की जाने वाली ईवन सेमेस्टर की परीक्षाओं के मद्देनजर विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए टैगोर सभागार में रोजाना सुबह 6 बजे से 7 बजे तक योग कक्षा का आयोजन किया जा रहा है। छात्र कल्याण कार्यालय कर्मी एवं योग विशेषज्ञ नरेश अहलावत इस योग कक्षा का संचालन कर रहे हैं। विद्यार्थी गूगल फार्म लिंक पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करके निशुल्क इस योग कक्षा को ज्वाइन कर सकते हैं।

## अभिव्यक्ति की कला प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- पठानिया पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

पठानिया पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता अंग्रेजी व हिन्दी दोनों भाषाओं में आयोजित की गई। जिसमें 700 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई। पहले चरण में हिन्दी में 16 विद्यार्थी तथा अंग्रेजी में 26 विद्यार्थी द्वितीय चरण के लिए चयनित किए गए। प्रतियोगिता का आयोजन अंग्रेजी व हिन्दी भाषा अध्यापिकाओं रेशमा मल्होत्रा, कासमा, लता क्वात्रा, पूनम भाटिया, सुशीला देवी, सुमन सैनी, सरला मल्होत्रा एवं रीना ने समन्वयक आलोक रानी व कनिका मग्गू के सहयोग से करवाया। मंच संचालन डॉ. सुमन सैनी और लता क्वात्रा के दिशा निर्देशन में हिमांशी, लक्षिका, मन्नत और महक ने किया। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, को-फाउण्डर वर्षा रानी, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी, समन्वयक नीतू सेठी ने विजेता प्रतिभागियों सम्मानित किया।



### ये है परिणाम

**अंग्रेजी प्रतियोगिता का परिणाम-** हिमाक्षी एवं मन्नत लाठर प्रथम, कृतिका एवं इशिता गिल द्वितीय तथा व्योम, लावण्या एवं रिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त शिरीन एवं खुशी को सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

**हिन्दी प्रतियोगिता का परिणाम-** चाहत प्रथम, खुशी जैन द्वितीय तथा पवित्र ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त रेवा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

### स्नेचिंग करने के तीन आरोपी किए गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की एवीटी स्टाफ व थाना शिवाजी कॉलोनी की टीम ने गांव करौथा में पशु अस्पताल के पास हुई स्नेचिंग की वारदात को 24 घंटे के अंदर हल करते हुये 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया है। अदालत के आदेश पर आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। थाना शिवाजी कॉलोनी निरीक्षक राकेश सैनी ने बताया कि एक मई को गांव करौथा निवासी महेन्द्र की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि घटना की रात को महेन्द्र अपनी दुकान को बंद कर मोटरसाइकिल से अपने घर गांव करौथा वापिस आ रहा था। महेन्द्र जब गांव करौथा मे स्थित पशु अस्पताल के सामने पंहुचा तो एक मोटरसाइकिल पर सवार 3 अज्ञात युवक आये। युवक महेन्द्र से गांव के बारे मे पूछने लगे और महेन्द्र का रास्ता रोक लिया। 3 युवक महेन्द्र के साथ छीना छपटी करने लगे।

## कोचिंग संस्थानों एवं ट्यूशन केंद्रों के संचालकों की व्यक्तिगत सुनवाई


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

निगम क्षेत्र में संचालित 93 कोचिंग संस्थानों एवं ट्यूशन केंद्रों के संचालकों को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेज मांगे थे। ताकि वैधता एवं सुरक्षा मानकों की अनुपालना हो सके। इसलिए निगम में शुक्रवार को कोचिंग संस्थानों एवं टयूशन केंद्रों के संचालकों की व्यक्तिगत सुनवाई की गई। जिस दौरान 44 कोचिंग संस्थानों एवं ट्यूशन केंद्रों के संचालक व प्रतिनिधि उपस्थित हुए। आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि कोचिंग संस्थान या ट्यूशन केंद्र निदेशालय द्वारा जारी नीति की स्वीकृति अनुसार ही संचालित हो। जो कोचिंग संस्थान या ट्यूशन केंद्र बिना भवन प्लान व ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट, फायर एनओसी एवं भवन मानदंडों के अनुसार पार्किंग सुविधा के बिना संचालित हो रहे हैं, उन्हें नगर निगम सीमा क्षेत्र में संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया। ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय दुर्घटनाओं को रोका जा सके। सभी संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने-अपने दस्तावेज तुरंत नगर निगम कार्यालय में जमा करवाएं ताकि विभागीय रिपोर्ट तैयार कर संबंधित विभाग को प्रेषित की जा सके। इस दौरान संयुक्त आयुक्त भूपेन्द्र सिंह, सहायक नगर योजनाकार तिलकराज, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी जगबीर सिंह, कनिष्ठ अभियंता रमन मलिक, कर निरीक्षक अमन कुमार उपस्थित रहे।



# भाषा-मीडिया, मीडिया-समाज और समाज-भाषा में गहरा संबंध : छिकारा

### वैश्य कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

वैश्य महाविद्यालय में भाषा, मीडिया और समाज विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विभिन्न विषयों की अंतःविषय दृष्टि से भाषा और मीडिया के समाज पर प्रभाव का विश्लेषण करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेन्द्र बंसल (महासचिव, वैश्य एजुकेशन सोसाइटी ) व ईश्वर चंद गुप्ता ( गवर्निंग बॉडी मेंबर, वैश्य एजुकेशन सोसाइटी ) ने किया। कार्यक्रम संयोजक गीता गुप्ता ने संगोष्ठी के उद्देश्य बताते हुए कहा कि यह पहल भाषा, मीडिया और सामाजिक परिवर्तन के बीच गतिशील अंतः क्रिया की जांच करने का उद्देश्य रखती है। संगोष्ठी स्मारिका का विमोचन राजेन्द्र बंसल ने किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में राज्य सूचना आयुक्त डॉ कुलबीर छिकारा ने कहा कि भाषा और मीडिया, मीडिया और समाज तथा समाज और भाषा के बीच जो परस्पर गहरा संबंध है।

### भाषा का सतत अध्ययन अत्यंत आवश्यक

*डॉ. रणदीप राणा ( डीन, मानविकी एवं कला संकाय) ने कहा कि भाषा का सतत अध्ययन अत्यंत आवश्यक है, उन्होंने अंग्रेजी के विभिन्न सुप्रसिद्ध लेखन के विषय में चर्चा की। डॉ. नरेश मिश्र (सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा) ने कहा कि भाषा और राष्ट्रीयता का गहरा संबंध है और उन्होंने भाषा के शुद्ध उच्चारण और लेखन पर ध्यान देने की आवश्यकता के विषय में बताया। प्रो. श्रीभगवान (अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, महर्षि दयानंद विश्विद्यालय,रोहतक) ने कहा कि भाषा समाज और संस्कृति का आधार है। डॉ. हरीश (अध्यक्ष, पत्रकारिता और जनसंचार विभाग, महर्षि दयानंद विश्विद्यालय,रोहतक) ने कहा कि मीडिया आज अभिव्यक्ति का सुगम साधन है। मिडिया के प्रचार-प्रसार के कारण आज भाषा बंधनों से मुक्त है।*

### हमारी भावनाएं समाज तक भाषा के जरिए पहुंचती

*डॉ. आलोक कुमार शर्मा( दुबई) ने भाषा, समाज व मीडिया के अंतः सम्बंध पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि हमारी भावनाएं व संवेदनाएं समाज के पास भाषा के माध्यम से पहुंचती है, यह मीडिया को और अधिक सकरात्मक रूप प्रदान करता है। यज्ञदत्त मिश्र (डीडीओ, आल इंडिया रेडियो स्टेशन, रोहतक) ने कहा कि हिंदी एक ऐसी भाषा है जिससे पूरे भारत में एक सशक्त संचार माध्यम के रूप में अपनाया जाता है। डॉ. सुनीत मुखर्जी (असिस्टेंट प्रो., पत्रकारिता और जनसंचार विभाग, महर्षि दयानंद विश्विद्यालय, रोहतक) ने कहा कि जिस तरह का समाज बन रहा है, हम बना रहे हैं, उसमें मीडिया के योगदान पर विचार व चर्चा करना आवश्यक है। डॉ. रविकांत ने मंच संचालन किया। इस मौके पर डॉ. राजल गुप्ता, डॉ. उन्मेष मिश्र, डॉ रितु, डॉ. वीरेंद्र खुराना आदि मौजूद रहे।*

### भारत और विदेशों में पेटेंट दाखिल करने की प्रक्रिया की दी जानकारी



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग तथा करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान फ्यूचरिस्ट पेटेंट प्रोफेशनल करियर ऑपर्च्युनिटी एंड इनसाइट ऑफ आईपीआर फॉर फार्मा स्टूडेंट्स विषय पर विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आईपीआर प्रोफेशनल्स एवं सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर, सन फार्मास्युटिकल्स, गुरुग्राम डॉ राकेश वत्स ने बतौर विशेषज्ञ वक्ता यह व्याख्यान दिया। फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग के अध्यक्ष प्रो. दीपक कौशिक ने बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व से अवगत कराया। डॉ. राकेश वत्स ने पेटेंट के बुनियादी पहलुओं, भारत और विदेशों में पेटेंट दाखिल करने की प्रक्रिया बारे व्यवहारिक जानकारी साझा की। उन्होंने आविष्कारों को पेटेंट कराने के महत्व और पेटेंट दाखिल करने से प्राप्त विभिन्न व्यावसायिक लाभों के बारे में बताया। उन्होंने आईपीआर के क्षेत्र में विभिन्न करियर के अवसरों की जानकारी प्रदान की और विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। विभागीय सीसीपीसी समन्वयक प्रो. महेश कुमार ने आभार जताया। डॉ. सलोनी कक्कड़ ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग के शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### सुनारियां कलां में गेहूं के अवेशषों में लगी आग



**रोहतक।** शुक्रवार रात लगभग नौ बजे सुनारियां कलां में खेतों में खड़े गेहूं के अवशेषों में आग लग गई। हवा चलने के कारण आग तेजी से एक खेत से दूसरे तक फैलती चली गई। ग्रामीणों का कहना है कि संभवत बिजली के खंभे से शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

### मानव उत्थान सेवा समिति ने जरूरत का सामान भेंट किया

रोहतक। मानव उत्थान सेवा समिति ने सुखपुरा चौक निवासी बेटी पूजा की शादी में जरूरत का सामान भेंट किया है। राजकुमार स्वामी के संपर्क से संस्था में शादी का निमंत्रण आया तथा संस्था के सदस्यों ने बेटी के लिए वस्त्र और जरूरत के सामान के साथ एक फ्रिज और 8100 रुपए आशीर्वाद स्वरूप देकर बेटी के मंगल जीवन की कामना की। यह सेवा कार्य रोशनी बाई की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर झज्जर जिला प्रमुख हरि ओम, उप जिला प्रमुख सूर्य प्रकाश, बहन राजवंती, राजेंद्र, डॉक्टर वीरेंद्र कुमार स्वामी, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।



TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

PRIME SCHOOL UNIFORMS
Mfrs & Traders: All Types of School Uniforms, T-Shirts, Lower & Track Suits etc.
Deals in All Kind of School Bag, School Shoes & Stationary Items
Shoes 20% off
VIPIN KUMAR M. 9812587499
All School Dress also available
▸All Vaish School ▸Vedanta School ▸Shiksha Bharti ▸Scholar Rosary ▸St. Pall School ▸ZAD Global School ▸Model School ▸Shivalik School ▸DAV School ▸MRGS School ▸Baba Mast Nath School ▸GD Royal School
802/12, Arya Nagar, Opp. Vedic Ashram, Near HUDA Complex, Rohtak | Ph.: 01262-258299

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra Rohtak.com



WE... THE BEST CREATION OF ALMIGHTY CREATOR SERVING HUMANITY FOR THEIR WELL BEING
RELATIONSHIP MANAGEMENT
Wish you speedy Recovery
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- BAMS 6
- PRO 5
- NURSING STAFF 4
- ICU STAFF 10
- MALE NURSING STAFF 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

# Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

## Summer Sale

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE GET FREE *FRESCA JUICE 1LTR.

HARYANA का सबसे ज़्यादा बचत वाला APP
DOWNLOAD NOW
SCAN TO DOWNLOAD
ORDER NOW

DELIVERY ONLY IN ROHTAK & BAHADURGARH CITY

03 MAY 09 MAY

ROHTAK, BAHADURGARH, JHAJJAR, DIGHAL, SAMPLA, GOHANA,

Opening Soon: in Zirakpur and the Second HYPERMARKET in ROHTAK Model Town.

- HAMDARD ROOHAFZA SHARBAT 750ML — MRP ~~₹180~~ — OUR PRICE ₹155
- CATCH SOFT DRINK 1.2 Ltr. — BUY 1 GET 1 FREE
- HITKARY ALL VARIENTS 700ML — 20% OFF ON MRP
- PRABHAS PURE GHEE 1Ltr. — BUY 1 GET 1 FREE
- INDIA GATE BASMATI RICE CLASSIC 5KG MRP ~~₹1255~~ — OUR PRICE ₹949
- KITCHEN CHAMPION BASMATI RICE 5kg 10kg — UPTO 40% OFF ON MRP
- DAAWAT rozana rice GOLD 5KG — MRP ~~₹600~~ — OUR PRICE ₹399
- BISLERI WATER BOTTLE 24*250ml — MRP ~~₹144~~ — OUR PRICE ₹120
- BISLERI LIMONATA 600ml — BUY 1 GET 1 FREE
- GLUCOVITA 1KG — BUY 1 GET 2 FREE
- FORTUNE REFINED SOYABEAN OIL 1LTR — MRP ~~₹173~~ — OUR PRICE ₹152
- GO CHEESE SLICE 200gm — BUY 1 GET 1 FREE
- RAJDHANI SOOJI/MAIDA/DALIYA — BUY 2 GET 1 FREE
- PREET LITE GHEE 1Ltr. — OUR PRICE ₹315
- COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA 2L — OUR PRICE ₹79
- LAHORI JEERA 24 BOTTLES — MRP ~~₹240~~ — OUR PRICE ₹185
- FRESCA JUICE 1Ltr. — BUY 1 GET 3 FREE
- FORTUNE KACHI GHANI 1LTR — MRP ~~₹200~~ — OUR PRICE ₹159
- MADHUSUDAN DESI GHEE 1 Ltr. — OUR PRICE ₹575
- PEDIASURE VANILLA FLAVOR 1 KG — MRP ~~₹1785~~ — OUR PRICE ₹1428
- AASHIRVAAD ATTA 10 KG — MRP ~~₹485~~ — OUR PRICE ₹439
- KAAJU 500G — OUR PRICE ₹490
- WALLNUT (AKHROT) 250G — OUR PRICE ₹365
- KISHMISH JUMBO SIZE 1KG — OUR PRICE ₹350
- TATA TEA PREMIUM 1KG — MRP ~~₹540~~ — OUR PRICE ₹379
- SATMOLA NAMKEEN ALL VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- SPESH SHARBAT 750 ML — 30% OFF ON MRP
- MAGGI TOMATO KETCHUP WITHOUT OFFER 970G — MRP ~~₹165~~ — OUR PRICE ₹99

### WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY

- MOONG CHILKA 1KG — OUR PRICE ₹125
- RAJMA CHITRA 1KG — OUR PRICE ₹135
- MALKA MASOOR 1KG — OUR PRICE ₹89
- MALKA KALI DAAL 1KG — OUR PRICE ₹90
- KALA CHANA 1KG — OUR PRICE ₹77
- MAMY POCO PANTS selected variants — 30% OFF ON MRP
- SCOTCH BRITE CLEANING PRODUCTS — UPTO 10% OFF ON MRP
- TIDE DOUBLE POWER JASMINE&ROSE 9KG — MRP ~~₹999~~ — OUR PRICE ₹799
- ARIEL MATIC FRONT LOAD 4+2KG+1L — MRP ~~₹1549~~ — ₹250 OFF
- ARIEL MATIC FRONT LOAD LIQUID 3LTR — 33% OFF ON MRP
- ARIEL COMPLETE DETERGENT 4KG — BUY 1 GET 1 FREE
- KHADI SOAP 100% HANDMADE SOAP — BUY 1 GET 1 FREE
- k'triq HAND WASH DETERGENT FLOOR CLEANER DISHWASH SELECTED VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- SURF EXCEL EASY WASH 7KG — MRP ~~₹1030~~ — OUR PRICE ₹699
- VADILAL ICE CREAM — UPTO 50% OFF ON MRP
- ORION CHOCO-PIE 25X10GM — BUY 1 GET 1 FREE
- RED BULL ENGRY DRINK 250ML — MRP ~~₹125~~ — OUR PRICE ₹95

### UNDERGARMENTS MEN & WOMEN SALE!

| | |
|---|---|
| Dollar | DISCOUNT 30% |
| JOCKEY | DISCOUNT 20% |
| BODYCARE | DISCOUNT 20% |
| DIXCY SCOTT | DISCOUNT 30% |
| LUX cozi | DISCOUNT 30% |
| VAN HEUSEN | DISCOUNT 20% |
| MACROMAN | DISCOUNT 30% |
| U.S. POLO ASSN. | DISCOUNT 20% |
| MACHO UNDERWEAR | DISCOUNT 30% |

**Rohtak** Address: Elenta Tower, Near D2M Hotel, New Bus Stand Road, Rohtak. **Contact:** +91-8199999480

**Bahadurgarh** Address: Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh. **Contact:** +91-9992296899

**Jhajjar** Address: Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar. **Contact:** +91-8750187531

**Sampla** Address: Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla. **Contact:** +91-8930062800

**Gohana** Address: Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana. **Contact:** +91-7419002626

**Dighal** Address: Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal. **Contact:** +91-7419202127

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

**TERMS & CONDITION :**

*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.